^R तो यह लागत पेट्रोल से चलने वाले जेनरेटरों से कम हो सकती है। उसी समय, छत पर छायारहित स्थानकी उपलब्धता तथा बैट्री रखने के लिए स्थान की उपलब्धता जैसी अन्य बाधांए है जो सौर जेनरेटरों के उपयोग में रूकावट डालते हैं।

अपारंपरिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय ने अब तक शहरी क्षेत्रों में, मिट्टी के तेल या पेट्रोल से चलने वाले जेनरेटरों के विकल्प के रूप में और सौर जेरनेटरों के प्रदर्शन के लिए प्रायोगिक परियोजना शुरू नहीं की है। तथापि मंत्रालय ने, विपणन/रिहायश परिसरों में प्रकाशवोल्टीय विद्युत प्रणालियों के डिजाइन, विकास तथा उनकी स्थापना पर एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए भारत प्रौद्योगिक संस्थान, दिल्ली को एक परियोजना प्रायोजित की है।

(घ) देश के कई राज्यो में ऐसे बहुत से निर्माता हैं जो मिट्टी के तेल तथा पेट्रोल से चलने वाले जेनरेटरों के स्थान पर प्रयोग करने के लिए उपयुक्त सौर विद्युत प्रणलियों की आपूर्ति कर सकते है। तथापि, लागत तथा उपरोक्त अन्य बाधाओं की वजह से, सौर-जेनरेटर इन निर्माताओं के लिए उत्पादन की नियमित मद नहीं है।

Central Subsidy for solar water Heating System in Himachal Pradesh

1633. SHRIMATI CHANDRESH KUMARI: Will the Minister of NON-CONVENTIONAL ENERGY SOURCES be pleased to state:

(a) Whether demand for domestic Solar Water Heating System in Himachal Pradesh has been made several times;

(b) Whether the present cost of 100 LPD is Rs. 16,500/-;

(c) whether the State Government has been providing subsidy of Rs. 3,000/- besides Central subsidy of Rs. 2,000/- per 100 LPD;

(d) whether Central subsidy has been withdrawn w.e.f. June, 1994; and

(e) whether the Union Government have been requested to restore Subsidy in view of part (a) above; and

(f) if so, the action taken in the matter?

THE MINISTER OF POWER, MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF NON-CONVENTIONAL ENERGY SOURCES (SHRI PR. KUMARAMANGALAM): (a) to (f) Yes Madam, there is a demand of domestic water heating systems in Himachal Pradesh. The cost of a 100 litre per day system is around Rs. 16,500/- depending on the make and the site requirements. The State Government is providing a subsidy of Rs. 3000/- on domestic solar water heating system of 100 litres capacity. The Central Government was providing a subsidy on such system from 1984-85 to 1993-94. The central subsidy was discontinued in 1993-94 after reviewing the experience in the implementation of the scheme. It was felt that the market was beign limited by the budgetary resources available for subsidy. The users had no choice of makes or models as the procurement was being made by the state renewable energy agencies. The lack of direct contact between the users and the suppliers prevented the development of proper after sales service arrangements. Though there were requests to restore central subsidy, it was not considered desirable because of these factors. However, in order to encourage wider use of solar water heating systems, a soft loan scheme was introduced in 1993-94. Currently, under an Interest Subsidy Scheme of the Ministry, soft loans are available to the users through Indian Renewable Energy Development Agency (IREDA) and five public sector banks. In addition, commercial users can avail of 100% depreciation benefit for income tax purposes. In Himachal Pradesh, the soft loans are available through Union Bank of India and the Punjab & Sind Bank.

उत्तर प्रदेश में लघु पनबिजली परियोजनाएं

1634. **श्रीमती मालती शर्मा** :

प्रो. रामबख्श सिंह वर्मा :

क्या गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्रोत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या उत्तर प्रदेश में लघु पनबिजली परियोजनाएं स्थापित की गयी है,

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है,

(ग) क्या सरकार नौवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान नवीन लघु पर बिजली परियोजनाएं स्थापित करने का विचार रखती है, और

(घ) यदि हां, तो उनका राज्य-वार ब्यौरा क्या है?